Central Bank Officers' Association

LUCKNOW UNIT

(Affiliated to AICBOF / AIBOC)

Central Office :
C/o Central Bank Of India
Zonal Office, 23 Vidhan Sabha Marg
Lucknow (U P)
Email Mail: dkakhilesh@gmail.com

General Secretary's office:
B 32/29 Saket Colony,
Near Sankat Mochan Mandir,
Lanka, Varanasi(UP)-221005
Mob:- 9760033883

Visit us @ www.cboalucknow.in

No : CBOA:GEN-1:2014-2015:10 **16th February '2015**

प्रिय साथियों,

विगत दिनों संगठन ने सदस्यों का असीम स्नेह एवं विश्वास प्राप्त किया है, सदस्यों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि इस विश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है (अक्टूबर 2014 की सदस्य संख्या 646 से बढकर जनवरी 2015 को समाप्त तिमाही में 700 तक पहुँच गई.) ध्यातव्य है कि जनवरी 2015 में लखनऊ अँचल में लगभग 1170 अधिकारी हैं जिनमे से लगभग 100 से अधिक अधिकारी किसी भी संगठन के सदस्य नही है. अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में आपके संगठन के सदस्यों की संख्या निम्नवत् है –

क्षेत्र	कुल अधिकारी	आपके संगठन की सदस्यता
लखनऊ	312	183
कानपुर	205	82
वाराणसी	216	180
झांसी	133	61
गोरखपुर	134	92
देवरिया	172	102

हमें विश्वास है कि आपको नववर्ष 2015 की संगठन की डायरी प्राप्त हो गई होगी. यदि किसी कारणवश आपको डायरी न प्राप्त हुई हो तो आप अपने क्षेत्र के सचिव से अविलंब संपर्क करें जिनको संबंधित क्षेत्र के समस्त सदस्यों की डायरियां प्रेषित कर दी गई हैं.

हम सभी सदस्यों का आह्वाहन करते हैं कि आपके किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए स्थानीय क्षेत्रीय सचिव से संपर्क करें साथ ही उसकी सूचना ***dkakhilesh@gmail.com*** पर भी अवश्य ई-मेल करें. हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आपकी समस्याओं के त्वरित निदान हतु सार्थक एवं प्रभावशाली प्रयास किए जाएंगें.

वेतन समझौते के लिए यूएफबीयू के नेतृत्व में गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं तथा आप से अपील है कि सोशल मीडिया के माध्यम से किए जा रहे मिथ्याप्रचार से दिग्भ्रमित न हों तथा हमारे परिपत्र दिनांक 13 फरवरी 2015 में सूचित किए गये आंदोलन के चरणबद्ध कार्यक्रम में पूर्ण मनोयोग व उत्साह से सहभागिता करें ताकि सरकार व प्रबंधन के साथ सम्मानजनक वेतन समझौता हो सके.

क्रांतिकारी अभिवादन के साथ



(अखिलेश कुमार द्विवेदी)

महामंत्री

लखनऊ इकाई